# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : durgpractical@gmail.com    वेब साइट : www.durguniversity.ac.in

क्र. 224 /गोप./2025    दुर्ग, दिनांक 02/06/2025

प्रति,

प्राचार्य
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग

**विषय :–** सत्र 2024–25 स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (NEP)की आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाईन करने के संबंध में।

विषयान्तर्गत सत्र 2024–25 में स्नातक पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर (NEP) में अध्ययनरत नियमित/प्राईवेट छात्र–छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन/परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://durgnep.ucanapply.com** में दिनांक **04-06-2025** से **12-06-2025** तक ऑनलाईन दर्ज किया जाना है। नियमित/प्राईवेट परीक्षार्थियों के विषय अनुसार सूची तथा आंतरिक मूल्यांकन/परीक्षा के अंक भरने हेतु निर्धारित प्रारूप विश्वविद्यालय के पोर्टल में लॉगिन कर डाउनलोड कर प्रिंटआउट प्राप्त कर लेवें।

डाउनलोड किये गये **पर्ण/प्रतिपर्ण** के प्रारूप में महाविद्यालय के संबंधित विषय के आंतरिक परीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन/परीक्षा के अंक भरे जाने के उपरांत विश्वविद्यालय के पोर्टल में दिनांक **12-06-2025** तक अंक ऑनलाईन दर्ज किया जाना अनिवार्य है। परीक्षकों द्वारा जिस शीट में ऑफलाइन अंक पेन से भरे जायेंगे, उसे पर्ण माना जायेगा एवं पोर्टल में अंक ऑनलाईन दर्ज करने के पश्चात् किये गये प्रिंट/हार्डकापी को प्रतिपर्ण माना जायेगा। आंतरिक मूल्यांकन/परीक्षा के अंक ऑनलाईन दर्ज किये बिना **पर्ण/प्रतिपर्ण** स्वीकार नहीं किया जावेगा। पोर्टल में अंक ऑनलाइन दर्ज करने के पश्चात् **पर्ण/प्रतिपर्ण** को विधिवत आंतरिक परीक्षक एवं प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कर सील बंद लिफाफे में विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में दिनांक **25-06-2025** तक अनिवार्यतः जमा किया जाना सुनिश्चित किया जायें।

**टीपः– स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (NEP) के प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में पृथक से सूचना प्रेषित की जाएगी।**

उपकुलसचिव
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग**

क्र. 225 /गोप./2025    दुर्ग, दिनांक 02/06/2025

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।

**सहायक कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग**